# अध्याय – 15

# योजना समन्वय एवं बजट



## परिचय

योजना आयोग के निकट सहयोग से मंत्रालय की सभी प्लान स्कीमों और कार्यक्रमों का समन्वयन करने की जिम्मेदारी योजना समन्वय प्रभाग की है। इसमें मंत्रालय की पंच–वर्षीय योजनाओं, वार्षिक योजनाओं और वार्षिक कार्रवाई योजनाओं को तैयार करना, प्रबोधन करना और उनकी समीक्षा करना शामिल है। इस प्रभाग द्वारा 20–सूत्री कार्यक्रम (प्वायंट xv मद सं, 52और 53) के अन्तर्गत प्रगति रिपोर्ट और रिपोर्ट का प्रबोधन भी किया जाता है।

## बजट आबंटन (दसवीं पंच वर्षीय योजना)

– दसवीं पंच वर्षीय योजना (2002-2007) के लिए मंत्रालय को 5945.00 करोड़ रूपये की राशि आबंटित की गई थी मंत्रालय की वर्ष 2002-03, 2003-04, 2004-05, 2005-06 और 2006-07 वार्षिक योजना के लिए क्रमशः 990.00 करोड़ रूपये, 1010.00 करोड़ रूपये, 1150 करोड़ रूपये, 1234.91 करोड़ रूपये तथा 1338.93 करोड़ रूपये का परिव्यय (बजट अनुमान) रखा गया। सैक्टरवार परिव्यय/व्यय का विवरण तालिका–19 में दिया गया है। –

– योजनागत स्कीमों की मंत्रालय में नियमित रूप से समीक्षा की जाती है तथा वानिकी और पर्यावरण के सेक्टर में राज्य सरकारों की क्षमताओं का निर्माण करने के लिए संसाधनों की उचित और सार्थक तैनाती करने के लिए आवश्यक उपचारी कार्रवाई की जाती है ताकि कार्यक्रम से संबंधित पहलुओं और केन्द्र द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं और केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों को चलाया जा सके।

## वार्षिक योजना 2007-2008

मंत्रालय की वार्षिक योजना 2007-2008 के लिए 1351.00 करोड़ रूपये की राशि का परिव्यय मंजूर किया गया। वर्ष के प्रथम छः महीनों के दौरान व्यय की प्रगति के अनुसार, संशोधित बजट अनुमानों में मंत्रालय के परिव्यय को बढ़ा कर 1400.00 करोड़ रूपये कर दिया गया है। वर्ष 2007-2008 के लिए बजट अनुमान और संशोधित अनुमान के सैक्टर वार ब्यौरे तालिका–20 में दिए गए हैं –

**तालिका-19 मंत्रालय के दसवीं योजना परिव्यय/व्यय वर्षवार**

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं | क्षेत्र | दसवीं | 2002 – 2003 | | 2003 - 2004 | | 2004 -2005 | | 2005 - 2006 | | 2006 - 2007 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परिव्यय | परिव्यय | व्यय | परिव्यय | व्यय | परिव्यय | व्यय | परिव्यय | व्यय | परिव्यय | व्यय |
| 1 | पर्यावरण | 1200 | 229 | 206.32 | 211.17 | 160.03 | 215.92 | 157.09 | 209.41 | 185.65 | 212.54 | 208.64 |
| 2 | राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय | 1670 | 295.00 | 295.59 | 294.76 | 244.59 | 364.20 | 322.86 | 425.00 | 346.01 | 435.00 | 339.19 |
| 3 | वानिकी और वन्य जीवन | 1600 | 265.00 | 244.29 | 255.57 | 223.86 | 288.63 | 243.34 | 260.65 | 258.60 | 316.39 | 310.39 |
| 4 | राष्ट्रीय वनीकरण और पारि विकास बोर्ड | 1300 | 201.00 | 187.27 | 230.00 | 250.48 | 267.25 | 263.57 | 320.85 | 273.69 | 356.00 | 315.80 |
| 5 | जीव–जन्तु कल्याण | 175 | 0.00 | 14.56 | 18.50 | 11.90 | 14.00 | 11.94 | 19.00 | 15.97 | 19.00 | 20.74 |
| | **जोड़** | 5945 | 990.00 | 948.03 | 1010 | 890.86 | 1150 | 998.8 | 1234.91 | 1079.92 | 1338.93 | 1194.76 |

**तालिका-20 वार्षिक योजना 2000-2008 परिव्यय**

(रुपये करोड़ में)

| क्र.सं. | क्षेत्र | ब.अ. | सं.अ. |
|---|---|---|---|
| 1 | पर्यावरण | **259.16** | **241.59** |
| 2 | राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय | **340.00** | **326.91** |
| 3 | वानिकी और वन्य जीव | **371.61** | **380.39** |
| 4 | राष्ट्रीय वनीकरण और पर्यावरण<br>राष्ट्रीय वनीकरण और पर्यावरण | **359.23** | **430.11** |
| 5 | जीवजंतु कल्याण | **21.00** | **21.00** |
| | **जोड़** | **1351.00** | **1400.00** |

### ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012)

– युक्तीकरण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में 11वीं योजना के लिए मंत्रालय की अधिकांश योजनागत स्कीमों को मिलाकर 22 विषयक स्कीमों में बदल दिया गया है। योजना के लिए मंत्रालय का परिव्यय 10005.00 करोड़ रु. अनुमोदित किया गया है। योजना आयोग द्वारा अनुमोदित स्कीमों के नाम और उनका 11वीं योजना का आबंटन, तालिका–21 में दिया गया है।

– मंत्रालय का 2008-2009 की वार्षिक योजना के लिए 1500.00 करोड़ अनुमोदित किये गये है जो 2007-2008 योजना परिव्यय से 11.03 प्रतिशत अधिक है। अनुमोदित परिव्यय में 601.38 करोड़ रूपये पर्यावरण और परिस्थितिकी सेक्टर के लिए तथा 898.62 करोड़ रूपये वानिकी और वन्यजीव सेक्टर के लिए शामिल हैं। योजना–वार अनुमोदित परिव्यय के ब्यौरे तालिका–21 में दिए गए हैं ।

**तालिका-21 ग्यारहवीं योजना के लिए स्कीम-वार परिव्यय** (करोड़ रुपये)

| क्र. सं | स्कीम का नाम | स्कीम का स्वरूप | अनुमोदित परिव्यय 11वीं योजना | बजट अनुमान 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | **पर्यावरण और पारिस्थितिकी-** | | | |
| 1. | पर्यावरणी मानीटरिंग और शासन | सी.एस. | 216.00 | 40.00 |
| 2. | प्रदूषण उपशमन | सी.एस. | 235.00 | 23.00 |
| 3. | संरक्षण और विकास हेतु अनुसंधान और विकास | सी.एस. | 300.00 | 60.00 |
| 4. | प्राकृतिक संसाधन और परिप्रणालियों का सरंक्षण | सी.एस.एस. | 600.00 | 110.00 |
| 5. | पर्यावरण सूचना शिक्षा और जागरूकता– | सी.एस.एस | 245.00 | 95.00 |
| 6. | ताज सुरक्षा सीएसएस सहित धरोहरो तीर्थस्थलों तथा पर्यटन केन्द्रों का पर्यावरणीय प्रबंधन | सी.एस.एस. | 0.01 | 0.01 |
| 7. | अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग संबंधी कार्यकलाप | सी.एस | 80.00 | 12.00 |
| 8. | राष्ट्रीय तटीय प्रबंधन कार्यक्रम | सी.एस. | 10.00 | 1.37 |
| 9. | राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एन.आर.सी.पी.) | सी.एस.एस. | 2100.00 | 260.00 |
| | **जोड़ पर्यावरण और पारिस्थितिकी** | - | 3786.00 | 601.38 |
| | **वानिकी और वन्यजीव-** | | | |
| 10. | पर्यावरण और वन्यजीव संथानों को अनुदान सहायता | सी.एस. | 450.00 | 90.00 |
| 11. | वानिकी सेक्टर में क्षमता निर्माण | सी.एस. | 110.00 | 20.00 |
| 12. | मूली बम्बू की सामूहिक फ्लावरिंग (मेलाकाना बेसीफेरा) | सी.एस.एस. | 42.00 | 15.00 |
| 13. | वन–प्रबंधन का विस्तारीकरण (पूर्व एकीकृत वन संरक्षण योजना) | सी.एस.एस | 600.00 | 130.00 |
| 14. | वानिकी प्रभागों का सुदृढ़ीकरण | एस.एस | 100.00 | 15.00 |
| 15. | वन्यजीव प्रभागों का सुदृढ़ीकरण | सी.एस | 150.00 | 25.00 |
| 16. | वन्यजीवों के आवासों एकीकृत विकास सी.एस.एस | सी.एस.एस | 800.000 | 80.00 |
| 17. | बाघ परियोजना सी.एस.एस | सी.एस.एस. | 615.00 | 80.00 |
| 18. | हाथी परियोजना सी.एस.एस. | एस.एस.एस. | 81.99 | 20.00 |
| 19. | राष्ट्रीय वनरोपण और पर्यावरण विकास बोर्ड (एन.ए.ई.बी) | सी.एस. | 250.00 | 38.00 |
| 20. | राष्ट्रीय वनरोपण कार्यक्रम सी.एस.एस. | सी.एस.एस. | 2000.00 | 345.00 |
| 21. | समुदायों सहित सामाजिक वानिकी (पंचायत वन योजना) नई | सी.एस.एस. | 900.00 | 15.00 |
| 22. | जीवजंतु कल्याण | सी.एस. | 120.00 | 25.00 |
| | **जोड़ वानिकी और वन्यजीव** | | 6218.99 | 898.62 |
| | **कुल जोड़** | | 10005.00 | 1500.00 |

**सी.एस.** केन्द्रीय क्षेत्र की योजना **सीएसएस** केन्द्रीय प्रायोजित योजना

